एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड ने आईआईटी जोधपुर में अपनी पहली रूफटॉप सौर विद्युत परियोजना शुरू की

चर्चा में क्यों?

16 जून, 2023 को पत्र सूचना कार्यालय भारत सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड (एनवीवीएन) ने 14 जून, 2023 को आईआईटी जोधपुर (राजस्थान) में अपनी पहली रूफटॉप सौर फोटोवोल्टिक परियोजना शुरू की है।

प्रमुख बिंदु

- एक मेगावाट ग्रिड से जुड़ी यह सौर परियोजना 25 साल के विद्युत खरीद समझौते की अवधि के लिये नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी (आरईएससीओ) मॉडल के तहत एनवीवीएन द्वारा लागू की गई है।
- आरईएससीओ मॉडल के तहत रूफटॉप सौर संस्थापन की स्थापना के लिये एक नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी (रेस्को) संपूर्ण सौर ऊर्जा संयंत्र (रूफ या ग्राउंड-माउंटेड) का डिज़ाइन, निर्माण, धन और संचालन करती है और उपभोक्ता प्रति किलोवाट विद्युत उत्पादन से सुनिश्चित मासिक यूनिटों के लिये विकासकर्त्ता को भुगतान करता है तथा डिस्कॉम उत्पादित विद्युत इकाइयों को उपभोगता के विद्युत बिल में समायोजित करता है।
- यह परियोजना आईआईटी जोधपुर के परिसर में 14 भवनों की छतों पर स्थापित की गई है। इस परियोजना से प्रति वर्ष लगभग 14.9 लाख यूनिट विद्युत का उत्पादन होगा और इससे आईआईटी जोधपुर की 15 प्रतिशत बिजली की आवश्यकता पूरी होगी।
- इस परियोजना के परिणामस्वरूप कार्बन डाईऑक्साइड के उत्सर्जन में प्रति वर्ष 1,060 टन की कमी आएगी।
- उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड का गठन वर्ष 2002 में देश में विद्युत व्यापार की क्षमता का उपयोग करने के लिये एनटीपीसी द्वारा किया गया था। केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग के नवीनतम विनियमन के अनुसार एनवीवीएन के पास उच्चतम श्रेणी 'आई'का विद्युत व्यापार लाइसेंस है।
- एनवीवीएन जिप्सम का व्यापार कर रही है और यह अब नवीनीकरण, ई-गतिशीलता, अपशिष्ट को हरित ईंधन में परिवर्तित करने के क्षेत्रों में अपना कार्य विस्तार कर रही है तथा विद्युत मूल्य शृंखला में समस्त व्यापार समाधान उपलब्ध करा रही है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ntpc-vidyut-vyapar-nigam-limited-commissions-its-first-rooftop-solar-power-project-at-iit-jodhpur